तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज मुकदमा संख्या :– 160 / 2022 बनारसी बनाम राजस्थान सरकार प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल.आर. एक्ट	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
30.9.2022	आज यह प्रार्थना पत्र वाद जांच तहसीलदार से प्राप्त होने पर पेशी में लिया गया। प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों व रिपोर्ट तहसीलदार झुंझुनूं का अवलोकन किया गया। जिसमें राजस्व ग्राम मारीगसर के खाता संख्या 120 में खातेदार नं. 8 पर बनारसी पुत्र हुनमान दर्ज रिकार्ड है जबकि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों रिपोर्ट तहसीलदार के अवलोकन से स्पष्ट है बनारसी पुत्र हनुमान की बजाय बनवारीलाल पुत्र हनुमानाराम दुरस्त किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः आदेश प्रार्थी का यह प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर धारा 136 एल. आर. एक्ट के अनुसरण में ग्राम मारीगसर पटवार मण्डल नयासर में स्थित कृषि भूमि खाता संख्या 120 में खातेदार नम्बर 8 पर दर्ज बनारसी पुत्र हनुमान की बजाय बनवारीलाल पुत्र हनुमानाराम दुरस्त किया जाने के आदेश दिए जाते हैं, शेष इन्द्राज बदस्तूर जमाबंदी रहेंगे। पालना हेतु आदेश प्रति तहसीलदार झुंझुनूं को प्रेषित की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तामील तकमील दाखिल दफ्तर हो। आदेश आज दिनांक 30.9.2022 को खुले इजलास सुनाया गया। उप खण्ड अधिकारी झुंझुनूं (राज.)	